Title: Need to declare Lucknow-Maurawan-Buxur-Bindki-Sagar as National Highway and also construct a bridge on river Ganga at Buxur.

डॉ. अशोक पटेल (फतेहपुर) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जनपद सागर, मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली सड़क के सामने गंगा नदी पर पुल न होने के कारण मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध रहता है और यात्री कानपुर अथवा फतेहपुर होकर ही अपनी यात्रा पूरी करते हैं जिससे लगभग 100 कि.मी. का चक्कर जनता को अनावश्यक काटना पड़ता है। उन्नाव जनपद का कस्बा भगवन्त नगर एवं फतेहपुर जनपद का कस्बा बिंदकी प्राचीन काल से औद्योगिक केन्द्र रहे हैं, लेकिन गंगा नदी पर पुल न होने के कारण इन दोनों कस्बों का उद्योग मृतप्राय: हो गया है। बक्सर में चन्द्रिका देवी की दिव्य शक्तिपीठ है जहां पर प्रतिर्वा लाखों दर्शनार्थी गंगा में स्नान करके देवी दर्शन हेतु आते हैं। इसी स्थान पर स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक अमर शहीद राव राम बक्श सिंह का शहीद स्थल है जहां प्रतिर्वा देश के कोने-कोने से अमर शहीद को श्रद्धांजलि देने वालों का मेला लगता है किन्तु गंगा नदी पर पुल के अभाव में सैकड़ों किलोमीटर का चक्कर काटकर बक्सर पहुंचने में समय एवं धन खर्च करना पड़ता है।

अत: आपसे अनुरोध है कि लखनऊ-मौरवां-बक्सर-बिंदकी-सागर (मध्य प्रदेश) मार्ग को राट्रीय मार्ग घोाित कर गंगा नदी पर बक्सर के सामने पुल का निर्माण करने की कृपा करें।